2025/205

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी बिलाडा जिला जोधपुर

व इजलास– **मृदुला शेखावत**, आर.ए.एस.

प्रार्थी **बनाम** **अप्रार्थी**

मो.इरफान सरकार

किस्म मुकदमा 136 एल.आर.एक्ट

प्रकरण संख्या :– 160 /2025

–::आदेश::– **दिनांकः–** 25/5/25

प्रार्थी **मो.इरफान** पुत्र श्री **नूर मोहम्मद** जाति **मुसलमान** निवासी **पिचियाक** तहसील बिलाडा, जिला जोधपुर, राज. ने एक प्रार्थना पत्र बाबत राजस्व रेकर्ड में नाम दुरूस्ती का पेश किया है। प्रार्थना पत्र को जांच हेतु तहसीलदार बिलाडा को भेजा जावें।

तहसीलदार बिलाडा से जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिसमें तहसीलदार बिलाडा ने अवगत करवाया है कि राज़स्व ग्राम **पिचियाक** की जमाबंदी संवत् **2073 से 2076** के खाता सं. 178 के खसरा नंबर **28/3** में दर्ज अशुद्ध नाम **मोहम्मदइरफन पुत्र नूरमोहम्मद** जाति **मुसलमान** निवासी **पिचियाक** का शुद्ध नाम **मोहम्मद इरफान** पुत्र **नूर मोहम्मद** जाति **मुसलमान** निवासी **पिचियाक** की राजस्व रेकर्ड में शुद्धि किये जाने हेतु सहमत है। अतः जांच रिपोर्ट व पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 136 एल.आर. एक्ट का स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार बिलाडा को आदेशित किया जाता है कि वो उपरोक्तानुसार शुद्धि का नामान्तरकरण भरें। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो।

(मृदुला शेखावत)
उपखण्ड अधिकारी
बिलाडा